## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# प्रदेश में 02 करोड़ पौधे लगाये जायेंगे: मुख्यमंत्री

**वन महोत्सव**

## सीएम ने किया चन्द्रबनी खालसा, क्लेमेंटाउन में पौधारोपण

■पर्यावरण संतुलन के लिए व्यापक स्तर पर पौधारोपण जरूरी




**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को चन्द्रबनी खालसा, क्लेमेंटाउन में वृक्षारोपण किया। वन विभाग द्वारा वन महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गये। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि इस सीजन में प्रदेश में 02 करोड़ पौधे लगाये जायेंगे। वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत आज से हो चुकी है। हरेला पर्व पर भी प्रदेश में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जायेगा। कोविड–19 के कारण अलग–अलग चरणों में पौधे रोपे जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में वनों एवं पर्यावरण के प्रति लोगों में सजगता है। जल संरक्षण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। पर्यावरण संतुलन के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण जरूरी है। वृक्षारोपण के साथ ही उनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देना होगा। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने घोषणा की कि चन्द्रबनी में वन विभाग द्वारा एक पार्क विकसित किया जायेगा।

वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है। प्रकृति के साथ हमें सामंजस्य बनाकर चलना होगा। एक अदृश्य वायरस ने हमें जीवन जीना सिखा दिया है। इस समय का हमें सदुपयोग करना होगा। प्रकृति का दोहन करने पर उसके दुष्परिणाम भी हमें झेलने पड़ते हैं। यह इस वायरस ने दुनिया को सिखा दिया है। राज्य सरकार द्वारा जल एवं वन संवर्द्धन की दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ कार्य दीर्घकालिक सोच पर आधारित होते हैं, जिसके बाद में सुखद परिणाम देखने को मिलते हैं।

विधायक विनोद चमोली ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण पर इस समय दुनिया का जोर है। कोरोना वायरस ने सबको सोचने पर विवश कर दिया है। यह समय चुनौतियों को अवसर में बदलने का है। मेडिसनल और ऐरोमैटिक प्लांट की दिशा में उत्तराखण्ड में अच्छा कार्य हो रहा है।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख वन संरक्षक जयराज एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### तृतीय भीम गान लहरी संगीत समारोह का किया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भीमसेन म्यूजिक फाउंडेशन और कलाश्रय सांस्कृतिक एवं सामाजिक राष्ट्रीय संस्था,देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी को समर्पित तृतीय भीम गान लहरी संगीत समारोह का आयोजन डिजिटल मंच पर किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड, पुणे, दिल्ली, बैंगलुरु, बदायूँ से कलाकारों ने अपने संगीत गायन वादन की प्रस्तुति से दर्शकों को मोहित कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डा. धन सिंह रावत एवं उत्तराखंड कोंग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धसमाना ने अपने शुभ संदेश के जरिए शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंडित की स्मृतियों को ताजा रखना है एवं कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण काल में लोगों को संगीत साहित्य से जोड़ कर उनमें विश्वास और दृढ़शक्ति का संचार करना है।

### उत्तराखंड सिख फैडरेशन जिला इकाई ने एसपी सिटी श्वेता चौबे को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड सिख फैडरेशन जिला इकाई ने एसपी सिटी श्वेता चौबे को लॉकडाउन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के चलते हुए लॉकडाउन में उत्कृष्ठ कार्य एवं मानवता की सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान देने पर पर उत्तराखंड सिख फैडरेशन की जिला इकाई के जिलाध्यख मनजीत सिंह के नेतृत्व में उपाध्क्ष राजेन्द्र सिंह राजा, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा सन्नी बिन्द्रा, महानगर अध्क्ष युवा मोर्चा ईश्वर सिंह ने एसपी सिटी श्वेता चौबे के आईपीएस बनने की खुशी में स्मृति चिन्ह भेट कर शुभकामनायें दी। इस अवसर पर एसपी सिटी श्वेता चौबे ने उत्तराखंड सिख फैडरेशन की जिला इकाई के प्रतिनिधि मंडल का धन्यवाद किया।

### एसपी सिटी श्वेता चौब को आईपीएस बनने के उपलक्ष्य पर दी शुभकामनाएं

**संवाददाता** देहरादून। फ्रांसिस ग्रुप कम्पनी के द्वारा एसपी सिटी श्वेता चौब को आईपीएस बनने के उपलक्ष्य पर फ्रांसिस ग्रुप कम्पनी के द्वारा सप्रेम भेंट देकर बधाई व शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर फ्रांसिस ग्रुप कम्पनी के चेयरमैन सोनू फ्रांसिस ने कहा है कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए हर पुलिस चौकी व थानों में कार्यरत पुलिसकर्मियों के लिए फेस मॉस्क, सैनेटाइजर, पीपीई किट व हैंड गल्बस देगी। इस अवसर पर फ्रांसिस ग्रुप कम्पनी के चैयरमेन सोनू फ्रांसिस ,महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव इमराना परवीन , फ्रांसिस ग्रुप कम्पनी के शादाब अहमद व कम्पनी के मार्केटिंग मैनेजर शिव कुमार थापा आदि उपस्थित थे।

## जन्म दिवस पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का भावपूर्ण स्मरण

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जन संघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए उन्हें भावपूर्ण याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनय गोयल ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की नंबर वन पार्टी है जिसमें सभी सदस्यों का योगदान दे रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लें भारतीय जनता पार्टी की जो भी रीति नीति है उसके अनुसार कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी प्रासंगिक है और उनके बताये हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विधायक खजानदास, प्रदेश प्रवक्ता विनय गोयल, मधु भटट सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

दूसरी ओर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ' श्यामा प्रसाद' मुखर्जी के जन्मदिवस पर अंबेडकर नगर मंडल धामावाला वार्ड 26 में रईस अंसारी भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के नेतृत्व में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म दिवस फेस मॉस्क बांटकर सेवा' दिवस के रुप में मनाया।




# आशाओं के समर्थन में उतरे वामपंथी पार्टियां व अन्य संगठन

**संवाददाता**



देहरादून। उत्तराखंड की आशा वर्करों की समस्याओं के समाधान व चम्पावत जिले से हटाई गई आशाओं को बिना शर्त वापस लिये जाने की मांग को लेकर वामपंथी दलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं व अन्य संगठनों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी, माकपा, माकपा माले, पीपुल्स फोरम सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय में इकटठा हुए और वहां पर उत्तराखंड की आशा वर्करों की समस्याओं के समाधान व चम्पावत जिले से हटाई गई आशाओं को बिना शर्त वापस लिये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आशाओं ने हमेशा ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित किये गए सारे कार्य स्वास्थ्य पूरी निष्ठा से किये हैं, और यहां तक कि कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी और लॉकडाउन में भी सारे काम आशाएँ कर रही हैं लेकिन बिना मानदेय, बिना लॉकडाउन भत्ता, बिना कर्मचारी का दर्जा पाए आशाएँ कैसे और कब तक काम करेंगी, यह एक सोचनीय विषय है।

## माकपा जनमुद्दों को लेकर करेगी संघर्ष

**संवाददाता** देहरादून। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जन मुद्दों के पक्ष मे तथा मोदी सरकार की जनविरोधी व साम्प्रदायिक नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करेगी और इसके लिए जल्द ही रणनीति तैयार की जायेगी।

उक्त विचार सीपीआई एम केन्द्रीय कमेटी के सदस्य बीजू कृष्णन ने सीपीएम उत्तराखण्ड राज्य कमेटी द्वारा आयोजित वर्चुअल बैठक को सम्बोधित करते हुई कही। उन्होंने कहा है कि कोरोना वायरस कोविड 19 के चलते करोड़ों लोगों को अपना रोजगार खोना पड़ा है जिस कारण देशभर की जनता के सामने पहले की अपेक्षा संकट कई गुना बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार इस संकट से निपटने के बजाय संकट को बढ़ाने व संकट की आड़ में जनता के मध्य वैमनस्यता बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने निजीकरण द्वारा रोजगार छीनने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा आम जनता एवं अपने राजनैतिक विरोधियों का तरह तरह से उत्पीड़न जारी है।